आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीएसएनएल के सत्तानबे हजार से अधिक नए स्वदेशी फोर–जी मोबाइल टावरों का किया शुभारंभ। कहा– बीएसएनएल ने रच दिया है नया इतिहास।
- प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण के बाद बहराइच में भेड़ियों के हमलों से पीड़ित ग्रामीणों से की मुलाकात। अधिकारियों को दिये निर्देश–पकड़ में न आयें भेड़िये तो देखते ही मार दें गोली।
- वाल्मीकि जयंती पर सात अक्टूबर को प्रदेश में रहेगा सार्वजनिक अवकाश। श्रावस्ती में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने की घोषणा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल ओड़ीशा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हजार से अधिक नए स्वदेशी फोर–जी मोबाइल टावरों का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उन पाँच शीर्ष देशों में शामिल होगा जिनके पास अपना फोर–जी और फाइव–जी नेटवर्क होगा। उन्होंने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता से बीएसएनएल ने इतिहास में एक नया अध्याय रचा है।

***हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे बीएसएनएल ने अपने ही देश में पूरी तरह स्वदेशी फोर जी टेक्नोलॉजी विकसित कर ली है। अपनी मेहनत, अपनी लगन, अपनी कुशलता से बीएसएनएल ने नया इतिहास रच दिया है और मैं इस काम में जुड़े हुए देश के नौजवानों को, उनकी टैलेंट को और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने जो बड़ा काम किया है, मैं उन सभी नौजवानों को बहुतबहुत बधाई देता हूं।***

कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअली शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई तकनीक और गति देगा।

बीएसएनएल की यह सेवा नए भारत और विकसित भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री के विजन को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

***आज की सेवाएं हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह हमारे दूर दराज के क्षेत्रों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम देने वाला है। ये नए भारत का और विकसित भारत की आधारशिला तभी होगी जब ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर होगी। बीएसएनएल की भारत नेट की सेवा एक नए भारत और विकसित भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री जी के विजन को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।***

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि फोर–जी सेवा विकसित करने वाला भारत विश्व का पांचवा देश बन गया है।

***बीएसएनएल ने पूरे भारत में लगभग एक लाख स्वदेशी चार जी साइटों को तैनात किया है जो बाईस मिलियन ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है और हर दिन चार डेट बट डेटा ट्रांसफर कर रहा है। हमारी यात्रा, चुनौती और उपलब्धियां दोनों का उदाहरण है। दुनिया के कुछ सबसे बड़े और सबसे अधिक संसाधन संपन्न देश हमसे पिछड़ गए हैं।***

चंदौली के निवासी छविनाथ ने बताया कि सेवाओं के शुरु होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से इंटरनेट की सुविधा हासिल होगी।

***अगल बगल गांव में टावर लगाया गया है तब से हम गरीबों को आदिवासियों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी। हमारे गांव में आज आय निवास और जितने भी सरकारी व्यवस्था है, सब हम गरीबों को बहुत सुनिश्चित रूप से मिलेंगे।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में सुबह ग्यारह बजे देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत 22 सितंबर से हुई है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर 'कर की दर' कम होने से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। एक रिपोर्ट–

***नए कर ढांचे में खेल के समानों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय उपभोक्ताओं को सीधे लाभ पहुंचाएगा और साथ ही फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देगा। जीएसटी सुधारों के अंतर्गत साइकिलों पर भी कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं साइकिल के पुर्जों पर भी टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इस कटौती से साईकिल के इस्तेमाल को प्रोत्साहन मिलेगा और छात्रों, फिटनेस प्रेमियों तथा युवा पेशेवरों में साइकिल चलाने की प्रवृत्ति बढेगी। इस महीने की 21 तारीख को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधन करते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू उद्योगों, छोटे निर्माताओं, स्थानीय कारीगरों और एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा। सकलेन अख्तर के साथ आदित्य प्रताप सिंह आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बहराइच में हवाई सर्वेक्षण करने के बाद मंझारा गांव में भेड़ियों के हमलों से पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने भेड़ियों के हमले में तीन मृत बच्चों के परिजनों को पांच–पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भेड़िये पकड़ न आयें तो उन्हें देखते ही गोली मार दी जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि जयंती पर सात अक्टूबर को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कल श्रावस्ती में पांच सौ दस करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के दौरान यह घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि जयंती पर संस्कृति और पर्यटन विभाग के सहयोग से प्रदेश भर के देवालयों में रामायण पाठ का आयोजन भी कराया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों पर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। श्रावस्ती दौरे पर मुख्यमंत्री ने दिगंबर जैन मंदिर परिसर में नव–निर्मित मंदिर का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री आज बलरामपुर में मां पाटेश्वरी का दर्शन–पूजन करने के उपरांत आठ सौ पचीस करोड़ रूपये की एक सौ चौबीस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला– 'सेवा पर्व' में आज बात मोदी सरकार के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल की–

***हमारे देश में सैंकडों बोलियां हैं तो कई भाषाएं। हर इलाके का अलग पहनावा है और अलग खान–पान है। इसके बावजूद कुछ है जो हमें एक धागे में बांधता है। इसी भावना को मजबूत करने के लिए साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेश दिया था 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'।***

***एक भारत श्रेष्ठ भारत कल्पना यह है, हर वर्ष अपने राज्य को किसी एक राज्य के साथ, हर राज्य जोड़े।***

***सदियों से हमारी संस्कृति, हमारी परम्पराएं पूरे देश को बांधे हुए है। स्थानीय उत्पाद अपनी माटी की सौंधी गमक को न सिर्फ समेटे हुए है, बल्कि एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ने का माध्यम भी है। प्रधानमंत्री ने अक्सर लोगों से अपील की कि उन्हें वे अपनाए।***

***मैरे प्यारे देशवासियों हमारा भारत जिस तरह अपनी क्षेत्रीय, भाषायी और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है, उसी तरह कला, शिल्प और कौशल की विविधता भी हमारे देश की एक बड़ी खूबी है। आप जिस क्षेत्र में जाएंगे, वहां की कुछ न कुछ खास और लोकल चीज के बारे में आपको पता चलेगा।***

***'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' यह प्रधानमंत्री मोदी की ऐसी पहल है जिसे एक राज्य के लोग, दूसरे राज्य की संस्कृति और लोक परंपराओं को न सिर्फ नजदीक से देख रहे हैं, बल्कि वहां के लोगों से आत्मीय रिश्ता भी बना रहे हैं।***

**********

वाराणसी में आज से तीस सितंबर तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एम. एस. एम. ई. सेवा पर्व मनाया जाएगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में खादी आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार सहित 1500 से ज्यादा लाभार्थी भाग लेंगे।

**********